राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

सावधि ऋण योजना- कांगडा, हिमाचल प्रदेश

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	***रवि कुमार***
जिला एवं राज्य	*कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश*
योजना का नाम	*सावधि ऋण*
ऋण स्वीकृति का वर्ष	2016
ऋण राशि	*रू.* 5,70,000/-
कार्य/व्यवसाय	*परिवहन सेवा*
राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी	***हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम***

मैं रवि कुमार, मंझियार, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश का निवासी हूं। मैं एक निजी ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था और प्रति माह रू. 5,000/- कमा रहा था। मेरा हमेशा से अपनी खुद की एक कार खरीदने का सपना था, लेकिन खराब वित्तीय स्थिति के कारण मैं वाहन नहीं खरीद सका।

एक दिन, मैंने अखबार में एक विज्ञापन देखा और मुझे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की ऋण योजना के बारे में पता चला कि अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य में हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एचबीसीएफडीसी) के माध्यम से पिछड़े वर्गों को ऋण प्रदान करता है।

मैंने कार खरीदने के लिए ऋण के लिए आवेदन करने का फैसला किया और निकटतम एचबीसीएफडीसी कार्यालय गया तथा आवश्यक दस्तावेज जमा किए। दिनांक 04.10.2016 को मुझे रू. 5,70,000/- स्वीकृत किए गए और अपनी टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए इस ऋण सहायता से मैंने एक कार खरीदी।

जैसा कि मैं सोंच रहा था, मेरी वर्तमान मासिक आय पिछली आय से चार गुना अधिक बढ़ गई है। अब मैं टैक्सी सेवाओं से औसतन रू. 20,000/- कमाता हूं और नियमित रूप से अपनी मासिक किस्त चुका रहा हूं। मेरा सपना पूरा करने और मेरे जीवन स्तर को सुधारने के लिए मैं एनबीसीएफडीसी और एचबीसीएफडीसी का आभारी हूं।